







## खबर संक्षेप

### विधायक चंद्राकर आज करेंगे जनसंपर्क

**मगरलोड।** कुरूद विधायक अजय चंद्राकर आज 15 जून को मगरलोड विकासखंड में जनसंपर्क अभियान में शामिल होंगे।



वे प्रातः 11:30 बजे कुरूद निवास से वाहन द्वारा ग्राम सौंगा के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे ग्राम सौंगा, दोपहर 1 बजे ग्राम गिरौद तथा दोपहर 2 बजे ग्राम अरौद पहुंचेंगे।

### आप के पूर्व कैबिनेट मंत्री अहलावत आज कुरूद में

**अंवरी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधायक एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी मुकेश अहलावत का आज 15 जून को छत्तीसगढ़ दौरा प्रस्तावित है। निर्धारित कार्यक्रम के



अनुसार वे सुबह 10 बजे सिहावा, दोपहर 2 बजे धमतरी और शाम 4 बजे कुरूद पहुंचेंगे। कुरूद के काली मंदिर परिसर में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें प्रदेश के कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल, प्रदेश महासचिव वदूद आलम, प्रदेश प्रवक्ता सूरज उपाध्याय तथा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महासमुंद जोन प्रभारी भूपेंद्र चंद्राकर भी उपस्थित रहेंगे। यूथ विंग जिला अध्यक्ष ललित नगारची ने बताया कि बैठक में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और आगामी चुनावों की रणनीति पर विशेष चर्चा की जाएगी।

राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कई राज्यों के खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

# गंगरेल में राष्ट्रीय साइकिल रेस का रोमांच खिलाड़ियों ने दिखाई रफ्तार और दमखम





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गंगरेल बांध रविवार को राष्ट्रीय स्तर की साइकिल रेस प्रतियोगिता का गवाह बना, जहां अलग-अलग राज्यों से पहुंचे खिलाड़ियों ने अपनी गति, संतुलन और फिटनेस का शानदार प्रदर्शन किया। जय माँ कामाख्या जनकल्याण सेवा समिति धमतरी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, हरियाणा, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।

गंगरेल से शुरू हुई यह रोमांचक रेस कोटाभर्री, मुड़पार, बरारी और रुद्री होते हुए पुनः गंगरेल पहुंचकर समाप्त हुई। बड़े प्रतिभागियों के लिए 12 किलोमीटर और बच्चों के लिए 2 किलोमीटर की दूरी निर्धारित की गई थी। पूरे मार्ग में खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक रहा। प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## विजेता हुए सम्मानित




प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, हेमलता शर्मा, उदयभान सिंह चौहान और जागेंद्र साहू सहित कई अतिथि मौजूद रहे। विजेताओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के संचालन में राकेश साहू, चंद्रशेखर बांदे, पीतांबर सिंह और संजय पवार की अहम भूमिका रही।

## बच्चों और महिला प्रतिभागियों ने भी दिखाया अपना दम

महिला वर्ग में भी मुकाबला काफी रोचक रहा। गियर साइकिल श्रेणी में महाराष्ट्र की जीनत ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि हरियाणा की हरविंदर दूसरे स्थान पर रहीं। नॉन गियर वर्ग में रायपुर की गोमती साहू विजेता बनीं। बालोद की किरण साहू दूसरे और धमतरी की नम्रता नेताम तीसरे स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में भी प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 10 से 15 वर्ष श्रेणी में वेदप्रकाश, डिगेश नेताम, वासु साहू, हेमंत साहू, तनिष्का खंडेलवाल और वनिका कावड़े विजेता रहे। वहीं 5 से 10 वर्ष वर्ग में सोनम नेताम, गणिका तारक, खिलेंद्र सिन्हा, युवराज, लक्ष्य, रोहन विश्वकर्मा और काव्यांश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सबका ध्यान आकर्षित किया।

## महाराष्ट्र और हरियाणा के खिलाड़ियों ने मारी बाजी

पुरुष गियर साइकिल वर्ग में महाराष्ट्र के सिद्धेश पाटिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर महाराष्ट्र के रेहान शेख रहे, जबकि हरियाणा के आयुष तीसरे स्थान पर रहे। गोपाल और नवीन राठी ने भी हरियाणा के लिए बेहतर प्रदर्शन किया। रायगढ़ के अतुल प्रधान ने छठा स्थान प्राप्त किया। नॉन गियर वर्ग में राजनांदगांव के नंदकिशोर विजेता बने। रायपुर के साजन कुर्रे दूसरे और बालोद के राजेश सिंह तीसरे स्थान पर रहे। बिलासपुर के संतोष गुप्ता, बालोद के कमल और धमतरी के करण यादव ने भी प्रतियोगिता में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के विजेताओं के लिए आकर्षक नगद पुरस्कार रखे गए थे। प्रथम पुरस्कार 50 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 25 हजार रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 15 हजार रुपये था। वहीं महिला वर्ग की विजेता प्रतिभागी को 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। बच्चों की श्रेणी में भी अलग-अलग वर्गों के लिए नगद पुरस्कार दिए गए।

# लाखों की चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

- पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 24 लाख की सम्पत्ति बरामद






हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सूने मकानों से लाखों रूपए की चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने 6 चोरों के साथ गहनों को खरीदने वाले व्यवसायी और गहनों को छिपाने में मदद करने वाली महिला को भी गिरफ्तार किया है। इन लोगों से चोरी की गई 24 लाख रुपए की सम्पत्ति जब्त की गई है। आगे की खोजबीज अभी जारी है।

पुलिस के अनुसार जंगलपारा निवासी राधिका साहू 5-6 जून को घर पर ताला लगाकर जीजामगांव स्थित मातंगी धाम दर्शन हेतु गई थी। 8 जून को घर में कार्य करने वाली महिला ने उसे सूचना दी कि मकान का पिछला दरवाजा खुला हुआ है तथा घर के भीतर सामान बिखरा पड़ा है। आनन-फानन में राधिका घर पहुंची तब पता चला कि उसके घर लाखों रुपए की चोरी हुई है। अज्ञात चोरों ने मकान में घुसकर आलमारी तोड़ी । बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना की रिपोर्ट थाना नगरी में दर्ज कराई गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने तत्काल सायबर थाना एवं नगरी थाना की संयुक्त टीम बनाकर आरोपियों को पकड़ने के निर्देश दिए। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने संदेहियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने सामूहिक रूप से चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### गहने हुए बरामद





1 नग रानी हार, 1 नग मंगलसूत्र, 1 नग गुलबंद, 1 जोड़ी झुमका, 2 नग बाली, 1 नग अंगूठी, 1 नग टॉप्स, 2 नग करधन, 5 जोड़ी पायल, 2 नग चांदी के सिक्के, 1 नग चांदी की रिंग, कुल सोना 144.11 ग्राम और कुल चांदी लगभग 2167.845 ग्राम बरामद हुए। इसके अतिरिक्त सिक्के एवं नगदी रकम 11300, 2 एप्पल मोबाइल, 2 वीवो मोबाइल, चोरी में प्रयुक्त लोहे की रॉड, 1 मोटरसाइकिल जब्त की गई। आरोपियों से करीब 24 लाख रुपए की सम्पत्ति दर्ज की गई है।

### ऐसे दिया घटना को अंजाम

आरोपियों ने बताया कि उन्होंने राधिका के सूने मकान की रेकी करने के बाद पीछे का दरवाजा खोलकर प्रवेश किया तथा लोहे की रॉड से आलमारी तोड़कर चोरी की। आरोपियों ने थाना नगरी क्षेत्र में एक अन्य चोरी को स्वीकार किया, जिसमें उन्होंने अन्य सूने मकान में घुसकर सोना-चांदी के आभूषण, नगदी एवं सिक्कों की चोरी की थी। मुख्य आरोपी तामेन्द्र यादव उर्फ सोनू ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना को भी अंजाम देना स्वीकार किया। चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। आरोपी चोरी किए गए आभूषण एवं अन्य सामान को बांट लेते थे।

### जेवर खरीदने और छिपाने वाले गिरफ्तार

चोरी के कुछ जेवर आरोपी पुष्पजीत खरे ने आरोपी नोवल जैन को बेच दिए गए थे। वहीं आरोपी लक्की गुप्ता ने चोरी का कुछ सामान अपनी मां सीमा गुप्ता को छिपाने के लिए दिया था। इस प्रकार चोरी के माल को छिपाने एवं खरीदने में संलिप्त पाए जाने पर दोनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है।

### सभी आरोपी रिमांड पर जेल दाखिल

आरोपियों में तामेन्द्र यादव उर्फ सोनू उम्र 19 वर्ष पिता दूलचंद यादव ग्राम गजकन्हार, लक्की गुप्ता उम्र 19 साल पिता संतोष गुप्ता, वार्ड क्रमांक 5 जंगलपारा, प्रहलाद नेताम उर्फ राहुल उम्र 19 साल पिता स्वर्गीय राजकुमार नेताम, गणेश चौक खोड़िया तालाब के पास, विंध्यवासिनी वार्ड, हितेश्वर मरकाम उर्फ प्रधान उम्र 23 साल पिता अंजोर सिंह मरकाम, वार्ड क्रमांक 2, जंगलपारा, पुष्पजीत खरे उर्फ जीतू उम्र 18 साल पिता किरण खरे, गांधी सागर वार्ड क्रमांक 4, भावेश कुमार साहू उर्फ मेलोडी उम्र 20 साल पिता शिव कुमार साहू बुढ़ारावपारा, वार्ड क्रमांक 8 नोवल जैन उम्र 22 साल पिता स्वर्गीय टारजन जैन राजाबाड़ा वार्ड क्रमांक 11, सीमा गुप्ता उम्र 40 साल पति संतोष गुप्ता वार्ड क्रमांक 5 जंगलपारा शामिल हैं। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। प्रकरण में चोरी गए शेष माल की बरामदगी एवं अन्य पहलुओं की जांच जारी है।




## खबर संक्षेप

### मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल : नरेश



**मगरलोड।** प्रदेश किसान मोर्चा के विशेष आमंत्रित सदस्य नरेश सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों को ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी बताते हुए इसे बेमिसाल करार दिया। उन्होंने कहा कि इन वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित और युवाओं के रोजगार के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं। देश की आधारभूत संरचना में अभूतपूर्व विकास हुआ है, जिसमें सड़क, रेल, डिजिटल नेटवर्क और हवाई सेवाओं का तेजी से विस्तार विस्तार शामिल है।

### देवपुर में 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 23 से

**धमतरी।** श्रद्धा प्रज्ञा जन जागरण समिति देवपुर द्वारा गायत्री जयंती पर नवनिर्मित गायत्री मंदिर में मां गायत्री का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह एवं 23 से 25 जून तक 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जायेगा। 23 जून को भव्य शोभायात्रा हनुमान मंदिर से 2 बजे प्रारंभ होकर मेला स्थल तक, फिर पावन प्रज्ञा पुराण कथा। 24 जून को ब्रह्म मुहूर्त में मां गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा, 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण एवं संध्या दीप महायज्ञ। अंतिम दिवस 25 जून गुरुवार को 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार एवं प्रज्ञा पुराण, समापन एवं ऋषि पुत्रों की विदाई होगी। कार्यक्रम की तैयारी में श्रद्धा प्रज्ञा जन जागरण समिति के अध्यक्ष बिसहतराम साहू, प्रमुख सदस्य पारसमणि साहू एवं पूर्णानंद साहू जुटे हैं।

# हमर ठीहा-सियान गुड़ी बना वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान, अपनापन और नई ऊर्जा का केंद्र

## यादव भवन में सियान गुड़ी का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत नगरी स्थित यादव भवन में इंदु फ्यूचर विंग्स फाउंडेशन द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित विशेष डे-केयर सेंटर हमर ठीहा सियान गुड़ी का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में एकल परिवार व्यवस्था, रोजगार के लिए युवाओं का बड़े शहरों की ओर पलायन तथा व्यस्त जीवनशैली के कारण अनेक वरिष्ठ नागरिक दिन के समय अकेलेपन और उपेक्षा का सामना कर रहे हैं। इसका प्रभाव उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। ऐसे समय में हमर ठीहा सियान गुड़ी जैसी पहल वरिष्ठजनों के लिए एक नया सहारा और आत्मीय मंच साबित होगी। संस्था का मानना है कि वरिष्ठजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके अनुभव समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने संस्था के संस्थापक इंदु पटेल, डायमंड साहू, अजय कुमार ध्रुव, चेतन भट्ट, ममता मौर्य एवं फाउंडेशन की टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र नगर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान, सुरक्षा और आत्मीयता का नया ठिकाना बनेगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों का शॉल, साड़ी, वस्त्र एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।



### 17 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन

सियान गुड़ी में वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग, मनोरंजक खेल, टेलीविजन, समाचार पत्र, सामूहिक चर्चा, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं मनोरंजन की विशेष व्यवस्था की गई है। वर्तमान में नगर के 17 वरिष्ठ नागरिकों का पंजीयन किया गया है, जो प्रतिदिन यहां आकर समय व्यतीत करेंगे।

## बेलरगांव में कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई, 30 टन खाद जब्त

# नियमों की अनदेखी पड़ी भारी, कृषि केंद्रों पर गाज, कई दुकानों को नोटिस





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

खबर का असर

खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ किसानों के लिए उर्वरकों की मांग बढ़ने लगी है। इसी बीच नगरी विकासखंड अंतर्गत बेलरगांव अंचल में खाद के भंडारण एवं विक्रय में अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर कृषि विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। जांच के दौरान बेलरगांव स्थित पवार ट्रेडर्स एवं कृषि केंद्र में मिस ट्रेडिंग (अनियमित विक्रय) के मामले में लगभग 30 टन खाद जब्त कर उसके विक्रय पर तत्काल रोक लगा दी गई।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को बेलरगांव क्षेत्र में एक निजी कृषि केंद्र द्वारा बड़ी मात्रा में जैविक खाद का भंडारण किए जाने की सूचना कृषि विभाग को प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंची टीम ने पाया कि कई खाद की बोरियों पर बैच नंबर तथा अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) अंकित नहीं था, जिससे खाद की गुणवत्ता एवं वैधता को लेकर संदेह की स्थिति निर्मित हो गई।

निरीक्षण के दौरान घुरावड़ स्थित केके कृषि केंद्र में वितरण रजिस्टर में अनियमितता पाए जाने पर संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। एक अन्य कृषि केंद्र में नामपट्ट, मूल्य सूची एवं लाइसेंस सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं पाए जाने पर भी नोटिस जारी किया गया।

भुरसीडोंगरी स्थित मां कर्मा कृषि केंद्र में कृषि व्यवसाय के लिए स्वीकृत परिसर में हार्डवेयर दुकान संचालित होने का मामला सामने आया, जिसे विभाग ने गंभीरता से लेते हुए नोटिस जारी किया है। बेलरगांव स्थित पवार ट्रेडर्स एवं कृषि केंद्र में मिस ट्रेडिंग के मामले में लगभग 30 टन खाद जब्त कर उसके विक्रय पर रोक लगाने की कार्रवाई की गई। वहीं जय किसान कृषि केंद्र बेलरगांव में भी मिस ट्रेडिंग खाद की जब्ती की कार्रवाई की गई तथा मूल्य विवरण सूची प्रदर्शित नहीं करने पर नोटिस जारी किया गया। कृषि विभाग की टीम ने क्षेत्र के सभी प्रमुख कृषि केंद्रों का निरीक्षण कर दस्तावेजों एवं खाद भंडारण की जांच की।

### खरीफ सीजन में खाद की कालाबाज़ारी पर प्रशासन सख्त

कृषि विकास अधिकारी लाकेश कुमार साहू ने बताया कि मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजी गई थी, जिसके बाद उपसंचालक कृषि धमतरी मोनेश साहू के निर्देशन में संयुक्त जांच दल का गठन कर शनिवार को बेलरगांव, भुरसीडोंगरी एवं घुरावड़ स्थित विभिन्न कृषि केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

## अंचल की खबरें

### जपं नगरी महासंघ के अध्यक्ष रूपेश का हुआ सम्मान



**नगरी।** जनपद पंचायत नगरी महासंघ के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर रूपेश कुमार ध्रुव के सम्मान में ग्राम पंचायत बरियारा के पंचायत भवन परिसर में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कृषि सभापति पन्नालाल मरकाम थे। उन्होंने अपने विचार रखे। इस अवसर पर उपसरपंच डिलिए मंडावी, पंच बीरबल नेताम, दिलीप नेताम, रेखाबाई, युवराज सेन, रामगुलाल नेताम, कुशनाथ नेताम, रुक्मणि बाई, टेकन बाई, विनिता बाई पटेल, कुती बाई, देवंदीन बाई व मदन मंडावी, रामकुमार नेताम, खेलनराम ध्रुव, हीराराम मरकाम, देवचंद नेताम, प्रवीण निषाद, योगेश नेताम उपस्थित थे।

### 10वीं-12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान



**अंवरी।** परिक्षेत्र साहू समाज बगौद द्वारा 10वीं व 12वीं के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। कक्षा दसवीं में तनुजा साहू 88.6 प्रतिशत सोनपुर, कुमारी कुसुम साहू 94.66 प्रतिशत राखी, कुमारी लक्ष्मी साहू 94.3 प्रतिशत बस्ती पारा चर्रा, कुमारी डिगेश्वरी साहू 80.8 प्रतिशत बगौद, जीत कुमार साहू 84.5 प्रतिशत गोबरा व 12वीं कक्षा कुमारी विद्या साहू 90.2 प्रतिशत कैलाशपुर चर्रा, पीयूष कुमार 93.6 प्रतिशत बस्ती पारा चर्रा, नोहर राम 84.8 प्रतिशत कैलाशपुर चर्रा, कुमारी नीलम 80.6 प्रतिशत बस्ती पारा चर्रा, कुमारी नेहा साहू 87 प्रतिशत राखी, नवदीप साहू 81 प्रतिशत मरौद, कुमारी तारिणी 83.4 प्रतिशत भालू झूलन को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर समिति अध्यक्ष नरसिंह साहू, उपाध्यक्ष टेकराम, सचिव वीरेंद्र साहू, संरक्षक रिखीराम, नेतराम, तोरण साहू, ताराचंद साहू, खेमन साहू, पीएल साहू, लिखन साहू, हीराराम साहू, विश्वनाथ, दिनेश, भूषण, वेदप्रकाश, तहसील संरक्षक पुराणिक साहू, महिला उपाध्यक्ष दीपेश्वरी, गायत्री साहू, संगीता साहू, लीलाराम, निलेश साहू, इंद्रारमन साहू मौजूद थे।

### बगौद में बारिश के पूर्व नालियों की सफाई



**अंवरी।** ग्राम बगौद में बारिश के पूर्व नालियों की साफ-सफाई की गई ताकि बारिश के पानी की सही निकासी हो सके। सरपंच दशोदा साहू ने बताया कि बारिश से नालियों की सफाई जरूरी थी। इससे बारिश का पानी गलियों में नहीं भरेगा। आवागमन में सुविधा होगी। मौके पर उपसरपंच ईश्वर साहू, पंच चुनेंद्र पटेल, सुखीत पटेल, युवराज, रूपसिंग, मधुकर, एस कुमार साहू, खमेश साहू, झरना साहू, गीता साहू, अमेरिका साहू ,सत्यवती, हीरा पटेल समेत अन्य मौजूद थे।

### कबीर जयंती समारोह 21 को बगौद में

**अंवरी।** सामुदायिक भवन भाटापारा ग्राम बगौद में 21 जून को दोपहर 1 बजे से सदगुरु कबीर जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य वक्ता संत समेन दास कबीर आश्रम नयापारा राजिम होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में पंडित शंकर दादा, बसंत ध्रुव, हेमलाल साहू, रामलाल साहू, मोतीलाल साहू, माधव साहू, छबिलाल साहू, भुनेश्वर साहू, डॉ. देवचरण साहू, समारू सिन्हा, महेश कुर्रे, अर्जुन पटेल जुटे हैं।

## बच्ची ने पीने से पहले ही देख लिया, अन्यथा जानलेवा हादसा हो सकता था

# करेली बड़ी में फ्रूटी के अंदर मिला जहरीला कीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

नगर पंचायत करेली बड़ी से एक बेहद चौंकाने वाला और स्वास्थ्य सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। यहां देवांगन जी की दुकान से खरीदी गई बच्चों की पसंदीदा कोल्ड ड्रिंक फ्रूटी के अंदर एक जहरीली छिपकली के आकार का मृत कीट पाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, एक स्थानीय परिवार ने अपने बच्चे के लिए एक दुकान से फ्रूटी खरीदी थी। जैसे ही फ्रूटी को खोला, उसके भीतर पैकेट के अंदर छिपकली जैसा एक जहरीला और डरावना जंतु तैरता हुआ दिखाई दिया। गनीमत रही कि बच्ची ने इसे पीने से पहले ही देख लिया, जिससे एक बड़ा और जानलेवा हादसा होने से टल गया। यदि मासूम बच्ची अनजाने में इसका सेवन कर लेती, तो परिणाम अत्यंत घातक हो सकते थे।

### मासूम बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़

इस घटना के बाद से पूरे करेली बड़ी क्षेत्र के पालकों और नागरिकों में भारी आक्रोश है। नामी कंपनियों के पैक्ड फूड और ड्रिंक्स में इस तरह की लापरवाही सीधे तौर पर जनता और मासूम बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ है। पालकों ने मांग की है कि खाद्य विभाग द्वारा संबंधित दुकान और क्षेत्र के अन्य काउंटरों पर उपलब्ध इस बैच के सभी प्रोडक्ट्स के स्टॉक को तुरंत सीज कर जांच के लिए भेजा जाए। उक्त ब्रांडेड कंपनी के खिलाफ विनिर्माण में इतनी बड़ी लापरवाही बरतने के लिए कानूनी कार्रवाई की जाए। नगर पंचायत क्षेत्र के भीतर सभी किराना, जनरल स्टोर्स और कोल्ड-ड्रिंक सेंटर्स पर बिक रहे पैक्ड खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और एक्सपायरी डेट की सघन जांच के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाए।

# नवीन नपं करेली बड़ी में सीएमओ ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड




करेली बड़ी को 2 फरवरी से नगर पंचायत घोषित किए जाने एवं राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित होने के बाद नगर पालिका अधिनियम 1961 के अंतर्गत प्रशासनिक कार्यवाही प्रारंभ हो गई है। इसी क्रम में कुरुद मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) महेंद्र राज गुप्ता अतरिक्त प्रभार के रूप में ग्राम पंचायत करेली बड़ी के सचिव छबिलाल साहू से विधिवत प्रभार ग्रहण किया है।

विदित हो कि 2 फरवरी से ग्राम पंचायतकरेली बड़ी को नगर पंचायत के रूप ले लिया गया है। यह क्षेत्र अब नगरीय निकाय में प्रवेश कर लिया है। ग्राम पंचायत का अस्तित्व समाप्त हो गया है। सीएमओ ने प्रभार लेते ही कहा कि अब लोगों को नगर पंचायत की विभिन्न योजनाओं, प्रशानिक कार्य एवं मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी। जन जीवन का तेजी से विस्तार होगा।

ज्ञात हो कि नगर पंचायत गठन के उपरांत शासन के निर्देशानुसार प्रशासनिक व्यवस्था के सफल संचालन के लिए समिति का गठन किया गया है। गठित समिति में अध्यक्ष महेंद्र साहू, उपाध्यक्ष टोपराम सोनकर तथा सदस्य के रूप में कुशलकांत साहू, इंदु साहू, प्रदीप सिन्हा, चोवा निषाद एवं वीरेंद्र सोनवानी को शामिल किया गया हैं।

### क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने कहा कि करेली बड़ी को नगर पंचायत का दर्जा मिलने से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी। नगरीय सुविधाओं का विस्तार, आधारभूत संरचनाओं का विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क एवं प्रकाश व्यवस्था जैसे कार्यों में तेजी आएगी, जिससे नगरवासियों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

# ठेनही में भारत के पहले ग्रामीण सामूहिक सौर संयंत्र का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

■ ग्रामीणों को मिलेगी बिजली बिल से राहत



नगरी विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम ठेनही में भारत के पहले ग्रामीण सामूहिक सौर ऊर्जा संयंत्र के निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुरू होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को भविष्य में बिजली बिल से राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

भूमिपूजन कार्यक्रम में सामूहिक सौर संयंत्र के संचालक कमलजीत सिंह खुराना, जनपद सदस्य श्रीधन सोम, सरपंच ज्योति सोम, उपसरपंच रूपेश नाग, वार्ड पंच जितेंद्र, डीके यादव, मोहनलाल यादव, छबिलाल, घनाराम गौर, हेमलाल ओटीजी, संतोष, छतर सिंह यादव, भुवनेश्वरी ओटी, किरण मरकाम, जमुना बाई, जसोदा बाई नाग, उर्मिला शांडिल्य व विद्युत विभाग के अधिकारी श्री वर्मा, तकनीकी सहायक आकाश राव पाटिल, सचिव हुलेश प्रजापति तथा अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया। जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि यह परियोजना पूरे देश के लिए एक मॉडल बनेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की नई मिसाल स्थापित करेगी।

### ग्रामीण क्षेत्र बनेगा आत्मनिर्भर

इस अवसर पर जनपद सदस्य शिरधन सोम ने कहा कि सौर ऊर्जा भविष्य की सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा है और सामूहिक सौर संयंत्र के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक पहल है। संयंत्र के स्थापित होने से न केवल बिजली की उपलब्धता मजबूत होगी, बल्कि ग्रामीणों को बिजली बिल के आर्थिक बोझ से भी राहत मिलेगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में भी यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## 50 वर्षों से गौ सेवा में समर्पित, अन्य किसानों के लिए बने प्रेरणास्रोत

# गौ पालन से तोमन सिंह को हो रही एक लाख की आय




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

गौ पालन, गौ संवर्धन, समृद्धि, आत्मनिर्भरता की नई शक्ति, संरक्षण एवं विकास आज की समय की सबसे बड़ी जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन आज आजीविका का सशक्त माध्यम बनाकर उभर रहा है। ब्लॉक के ग्राम भरदा निवासी तोमन सिंह साहू गौ पालन का कार्य 50 वर्षों से करते आ रहे हैं। इसकी शुरुआत कुछ गाय , भैंस का पालन से ही की गई है लेकिन आज उनके पास 20 गाय, बैल, बछड़े हैं। गौ पालन से उन्हें प्रति वर्ष लगभग एक लाख रुपए की आय प्राप्त हो रही है। हरियाणा नस्ल एवं देसी गाय वीर के बछिया बछड़े हैं।

श्री साहू ने बताया कि गौ पालन कम लागत में अधिक लाभ देने वाला व्यवसाय है । शुद्ध दूध, दही, घी, मक्खन प्राप्त होता है। गौ पालन अतिरिक्त आमदनी का सबसे अच्छा जरिया है। गाय का दूध बेचकर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं। खेती की उपजाऊ क्षमता बढ़ाने के लिए गाय का गोबर और गोमूत्र सबसे बेहतरीन प्राकृतिक खाद है। इससे रासायनिक खादों पर निर्भरता कम होती है।

उन्होंने आगे कहा है कि यह आत्मनिर्भर बनने का प्रभावी माध्यम है। गो पालन से उनके जीवन में आर्थिक स्थिरता और आत्मविश्वास आया है। यदि ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग किया जाए तो पशुपालन, गौ पालन जैसे व्यवसाय भी खेती किसानी के लिए अनुकूल है। गांव में डेयरी उद्योग को बढ़ावा मिल रहा है। इससे युवाओं और महिलाओं को घर बैठे रोजगार मिल रहा है।




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

**खबर संक्षेप**



## योग के क्षेत्र में उभर रही केनिष्का सिंह

**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहर की बाल योग साधिका केनिष्का सिंह गौतम अपनी प्रतिभा और समर्पण के कारण चर्चा में हैं। वर्तमान में कक्षा सातवीं में अध्ययनरत केनिष्का ने तीसरी कक्षा से ही योगाभ्यास शुरू किया और निरंतर अभ्यास के बल पर योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान बनाई है। उन्हें योग की प्रेरणा उनकी माता एवं योग प्रशिक्षक श्रीमती उत्तरा सिंह गौतम से मिली। बचपन से योगमय वातावरण मिलने के कारण उन्होंने इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया। पारिवारिक चुनौतियों और पिता के निधन के बावजूद केनिष्का ने हौसला नहीं खोया। वह प्रतिदिन सुबह 5 बजे उठकर नियमित योगाभ्यास करती हैं। गुरु उमराव के मार्गदर्शन में वे विभिन्न योगासन एवं प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रही हैं। उनकी मेहनत का परिणाम यह रहा कि वे जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल हासिल कर चुकी हैं। केनिष्का की उपलब्धियां अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रही हैं।

## दिव्यांग अधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निःशक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रांताध्यक्ष सीएम दीक्षित के नेतृत्व में दिव्यांग अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लोक निर्माण विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सिंचाई विभाग सहित उन सभी पदों को आरक्षण प्रावधान के तहत शीघ्र पदोन्नति से भरने की मांग की गई, जिन्हें पदोन्नति के माध्यम से भरा जाना है। साथ ही स्थानांतरण प्रक्रिया में दिव्यांग कर्मचारियों के प्रति पारदर्शिता बरतते हुए उनकी सुविधा के अनुरूप उचित पदस्थापना सुनिश्चित करने की मांग भी रखी गई। घनश्याम सिंह साहू ने बताया कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मांगों पर सकारात्मक विचार कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान सीएम दीक्षित, महेश साहू, डॉ. रवि पटेल और अमितेश्वर टेगवार उपस्थित रहे।

## कोरर में निः शुल्क छह दिनी योग शिविर 16 से

**धनेलीकन्हार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति कोरर द्वारा 16 से 21 जून तक कृषि उपज मंडी प्रांगण कोरर में छह दिवसीय निःशुल्क योगाभ्यास शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन सुबह 5 से 7 बजे तक चलेगा, जिसका शुभारंभ ग्राम पंचायत कोरर की सरपंच कंचन ठाकुर करेंगी। योग शिक्षक रामसिंह धनकर एवं बिहारी लाल यदु कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग, प्राणायाम और ध्यान का प्रशिक्षण देंगे।

# महापौर रामू ने मकेश्वर वार्ड को 19.17 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मकेश्वर वार्ड में नागरिक सुविधाओं के विस्तार हेतु शिव मंदिर के पास 15.40 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन तथा शिव मंदिर के सामने 3.77 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निगम सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने की। विशिष्ट अतिथि लोक निर्माण विभाग के सभापति विजय मोटवानी थे।

इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से वार्डवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। मंदिर के सामने बनने वाले शेड से श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी तथा धार्मिक आयोजनों के दौरान लोगों को विशेष लाभ प्राप्त होगा।

सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। नगर निगम का प्रयास है कि शहर के सभी वार्डों में नागरिक सुविधाओं का विस्तार हो और लोगों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

**सामुदायिक भवन एवं शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन**




विजय मोटवानी ने कहा कि मकेश्वर वार्ड में कराए जा रहे विकास कार्य क्षेत्र के नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण एवं मंदिर के सामने शेड निर्माण से सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा।

कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य निलेश लूनिया, अखिलेश सोनकर, युगल यादव, हिमानी साहू, पार्षद अज्जू देशलहरे, कुलेश सोनी, हेमंत बंजारे, मेघराज ठाकुर, अनीता अग्रवाल एवं चंद्रभागा साहू सहित गणमान्यजन प्रकाश लहरे, जितेन्द्र साहू, अनूप लोधी, मनोज विश्वकर्मा, शंकर मानिकपुरी, मनोज यादव, देवराज पटेल, नरेन्द्र नागरची, भरत ढीमर, कुलेश्वर शामिल हुए। मकेश्वर वार्ड की पार्षद श्रीमती आशा लोधी ने आभार व्यक्त किया।

### जिस व्यक्ति की जमीन पर टॉवर लगा, उसे 15 साल से नहीं मिली है राशि

# नेटवर्क समस्या से मेचकावासी परेशान, बीएसएनएल टावर बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम मेचका में मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्या से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में वर्षों पहले बीएसएनएल का टावर स्थापित किया गया था, लेकिन आज तक उसे चालू नहीं किया गया है। टावर केवल शोपीस बनकर खड़ा है, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। रोहित साहू ने बताया कि उसकी जमीन पर टॉवर लगा है। 15 साल से जमीन की लीज राशि नहीं मिली है। अगर टॉवर चालू नहीं हो सकता तो कंपनी वाले टॉवर का सामान निकाल ले जाएं ताकि उस जमीन पर कृषि कार्य किया जा सके

सूत्रों के अनुसार ग्राम मेचका के नाम पर टॉवर चालू बताया जा रहा है जिसके कारण अन्य कंपनी उस गांव में टॉवर नहीं लगा सकती जिससे यहां के लोग अन्य नेटवर्क सुविधा से वंचित हैं। वहीं आसपास स्थित जिओ टावर का नेटवर्क भी बेहद कमजोर है, जिससे कॉलिंग और इंटरनेट सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

**जरूरी काम समय पर नहीं हो पा रहे**

गौरतलब है कि मेचका गांव के पास ही सोंदूर बांध एवं मुचकंद ऋषि बाबा का पहाड़ है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। लेकिन नेटवर्क सुविधा के अभाव में उन्हें भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या की जानकारी कई बार उच्च अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। नेटवर्क की कमी का असर गांव के विकास कार्यों पर भी पड़ रहा है। पंचायत कार्य, स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई, आंगनबाड़ी सेवाएं सहित कई जरूरी काम समय पर नहीं हो पा रहे हैं। डिजिटल युग में नेटवर्क की अनुपलब्धता से ग्रामीण खुद को पिछड़ा महसूस कर रहे हैं।

**बेहतर हो संचार सुविधा**

सरपंच जीवन नाग, विनय साहू, गौरव, विकास, झमेश सेन, बिरू पटेल, नवीन प्रजापति, पप्पू प्रजापति, राहुल, रामभुवन, रवि कुमार, यशकरण, चंदू , देवकुमार ने बताया कि बीएसएनएल टावर को शीघ्र चालू कराया जाए तथा अन्य नेटवर्क कंपनियों के टावरों की रेंज बढ़ाई जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर संचार सुविधा मिल सके और विकास कार्यों में गति आ सके।



# महापौर एवं भाजपा पदाधिकारियों ने प्रबुद्धजनों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

▪ स्वागत सम्मान कर विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत महापौर रामू रोहरा एवं भाजपा जिला महामंत्री महेन्द्र पंडित ने भोथली मंडल के डोड़की एवं शंकरदाह में समाज के प्रतिष्ठित एवं प्रबुद्धजनों से भेंट की तथा केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की।

इस दौरान लोक कलाकार मनमोहन सिन्हा, आकाशवाणी कलाकार लोकेश साहू, प्रसिद्ध गायक-संगीतकार सुश्री दीपा निषाद, रामायणी एवं सेवानिवृत्त प्रधानपाठक बिसरू राम सिन्हा तथा शिक्षिका श्रीमती तारामती बैद से मुलाकात कर उनका सम्मान किया गया एवं विभिन्न सामाजिक विषयों पर सार्थक चर्चा की गई।

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

महेन्द्र पंडित ने कहा कि विशेष जनसंपर्क अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के बीच पहुंचकर उनकी राय जानना तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। भाजपा सदैव समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ संवाद एवं सहयोग की भावना से कार्य करती रही है। मुलाकात के दौरान प्रबुद्धजनों ने देश के विकास एवं जनकल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए अपने विचार एवं सुझाव भी साझा किए।

मौके पर मंडल अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रियंका सिन्हा, हेमंत साहू, अशोक साहू, सीता ध्रुव, किशोर साहू, राजकुमार सिन्हा, चंद्रहास सिन्हा, रामकृष्ण ध्रुव, ऋषभ सिन्हा, दीप्ति साहू, केशरी, मीना ध्रुव उपस्थित थे।

# शबरी भक्ति प्रसंग ने किया श्रद्धालुओं को भावविभोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

▪ हर-हर महादेव महिला मंडल ने आयोजित की है रामकथा

हर- हर महादेव महिला मंडल कुरूद द्वारा आयोजित रामकथा उत्सव में बाल योगी विष्णु अरोरा ने कहा कि निर्मल भक्ति ही प्रभु प्राप्ति का सरल और सफल मार्ग है। उन्होंने शबरी की सच्ची भक्ति और प्रेम का वर्णन करते हुए कहा कि शबरी की भक्ति भगवान के प्रति अटूट विश्वास, प्रेम और समर्पण का अनुपम उदाहरण है।

कथा प्रवक्ता ने शबरी द्वारा भगवान श्रीराम को प्रेमपूर्वक अर्पित किए गए बेरों का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान भक्त के भाव को महत्व देते हैं। शबरी ने बेरों को चखकर मीठे बेर प्रभु श्रीराम को अर्पित किए, जिसे भगवान ने प्रेम और श्रद्धा के साथ स्वीकार किया। यह प्रसंग हमें सच्ची भक्ति और समर्पण का संदेश देता है। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के तुलादान का सजीव चित्रण भी किया गया। तुलादान में स्वर्ण-रजत आभूषण, पारंपरिक परिधान, पंचमेवा, काजू, किसमिस, बादाम, पिस्ता, छुआरा सहित विभिन्न मिष्ठानों का उपयोग किया गया।

रामकथा श्रवण करने जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, आशीष शर्मा सहित रमेश केला, नवलकिशोर केला, रामकिशोर केला, भीखम चंद केला, अरुण केला, हितेंद्र केला, विनोद राठी, आनंद राठी, लालचंद राठी, विजय केला, हरीश केला, रश्मि केला, गीता केला, चंदा केला, आशा केला, बिमला केला, मनीषा केला, गुलाब राठी, खुशबू भूतड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बिलासपुर के मनीष और आरंग की पुष्प प्रीति ने मारी बाजी





हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)

▪ कोर्रा में हुई महामैराथन में धावकों ने दिखाया दम

डीजी ट्रेनिंग अकादमी एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम कोर्रा में महामैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। महा मैराथन दौड़ पुरुष वर्ग में 8 किमी एवं महिला वर्ग में 5 किमी थी। पुरुष वर्ग में प्रथम मनीष कुमार चपोड़ा बिलासपुर (24 मिनट 6सेकंड), द्वितीय भावेश सलाम, तृतीय राजेश मरावी , चतुर्थ सूरज निषाद, पंचम समीर कुमार, षष्ठम देवेंद्र सिन्हा, सप्तम तरुण मिलपार रहे। महिला वर्ग में प्रथम पुष्प प्रीति साहू आरंग रायपुर (17 मिनट 6 सेकेंड), द्वितीय दुर्गेश, तृतीय तमन्ना साहू, चतुर्थ भाविका निषाद, पंचम स्थान जागेश्वरी ने अर्जित किया। पुरुष वर्ग में प्रथम इनाम 5 हज़ार व महिला वर्ग में 2 हजार था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी जेपी देव (खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी), विशिष्ट अतिथि ओंकार पटेल व्यायाम शिक्षक संबलपुर, चोवाराम साहू , बंशी लाल साहू, खोमन साहू, सुरेश निषाद व्यायाम शिक्षक पचपेड़ी, तेजेश्वर टंडन व्यायाम शिक्षक कोर्रा, मनोज साहू व्यायाम शिक्षक भखारा, समीर गौर फ्रीडम अकादमी भखारा, टिक्की निर्मलकर क्रीड़ा भारती संघ, हरबंश साहू शिक्षक, सत्यवान साहू शिक्षक, भेषज साहू शिक्षक, भोज साहू शिक्षक, नीलम साहू शिक्षक, छत्रपाल साहू शिक्षक थे। भखारा थाना से गणेश पटेल, नीरज कुमार ध्रुव उपस्थित थे। इन्होंने मैराथन दौड़ में सुरक्षा प्रदान की।कार्यक्रम की अध्यक्षा अकादमी के संस्थापक व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू ने की। खिलाड़ियों को स्प्राउड रिफ्रेशमेंट दिया गया।

# योग विषय को चिकित्सा शिक्षा विभाग में शामिल करने से हर्ष

▪ प्रसिद्ध योग संघ ने मुख्यमंत्री और महापौर का आभार माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रसिद्ध योग संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने महापौर रामू रोहरा से भेंटकर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गत दिनों कैबिनेट की बैठक में योग विषय को समाज कल्याण विभाग से हटाकर चिकित्सा शिक्षा विभाग में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। इस मंजूरी से पूर्व कुछ माह पहले महापौर के माध्यम से योग अभ्यासिका रूचि साहू ने धमतरी प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट की थी। मुख्यमंत्री को योग के बारे में अवगत कराकर योग विषय को स्कूलों में पाठ्यक्रम के रूप में शामिल कर विषय के रूप में पढ़ाने का निवेदन किया था। योग के महत्व को लोगों तक पहुंचाने और प्रोत्साहित करने जनप्रतिनिधि के रूप में रामू रोड़ लगातार कार्य कर रहे हैं। प्रसिद्ध योग संघ ने योग विषय को राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा शिक्षा विभाग में शामिल करने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं महापौर रामू रोहरा का आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में डा संदीप साहू, उमराव साहू, उत्तरा सिंह गौतम, खिलेश्वर साहू, डॉली यादव, डेमिन साहू, संतोषी, उमेंद्र भारद्वाज, ममता ठाकुर, तिलक कुमार ध्रुव, लक्ष्मण पहलवान शामिल हैं।

## प्रेमप्रकाश आश्रम में चालीहा महोत्सव की धूम

# दुख में धैर्य और विश्वास ही मनुष्य को संभालते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






प्रेमप्रकाश आश्रम में चल रहे आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊंराम जी महाराज के चालीहा महोत्सव के पांचवें दिन चालीसा पाठ एवं सत्संग का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ हुआ। यह आयोजन रात्रि 9.30 बजे से 10.45 बजे तक श्री चुंगानी परिवार के रमेशलाल, जितेन्द्र कुमार एवं विनोद कुमार द्वारा कराया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत चालीसा पाठ से हुई, जिसके बाद संत लोकेश ने सत्संग में आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के सदुपदेशों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जीवन में भगवान पर दृढ़ विश्वास रखना अत्यंत आवश्यक है।

संत लोकेश ने मधुर स्वरों में भजन भगवान पर हमेशा विश्वास धर प्यारा प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में सुख और दुःख दोनों आते हैं, लेकिन हर परिस्थिति में भगवान का स्मरण और उन पर अटूट विश्वास बनाए रखना चाहिए। दुख के समय धैर्य और विश्वास ही मनुष्य को संभालते हैं।

उन्होंने भक्त प्रहलाद और मीरा का उदाहरण देते हुए बताया कि भगवान पर सच्चा विश्वास रखने वालों की रक्षा स्वयं ईश्वर करते हैं। प्रहलाद के कष्ट दूर करने भगवान नरसिंह रूप में प्रकट हुए, वहीं मीरा के लिए विष भी अमृत बन गया। सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति रस में डूबे रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## वरिष्ठ समाजसेवी और किसान नेता लीलाराम का हुआ सम्मान

**धमतरी।** भाजपा छग संगठन महामंत्री पवन साय ने संगठन के वरिष्ठ एवं समाजसेवी लीला राम साहू का सम्मान किया गया। यह सम्मान उन्हें संगठन, समाज और किसान हित में लंबे समय से किए जा रहे उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। श्री साहू भारतीय जनसंघ के समय से ही राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान यूनियन के प्रदेश संयोजक, छत्तीसगढ़ प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष तथा जिला धमतरी साहू संघ के जिला उपाध्यक्ष हैं। वर्ष 1992 से किसानों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्यरत श्री साहू ने समाज सेवा, सनातन संस्कृति के संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किए हैं। भाजपा के विभिन्न चुनाव अभियान में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही है। उन्हें सम्मान मिलने पर जनपद सदस्य दिनेश्वरीसाहू, युवा मोर्चा के तुषार साहू सहित अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

## शिक्षक फेडरेशन ने ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाने की मांग की



**धमतरी।** सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाने की मांग शासन-प्रशासन से की है। जिला अध्यक्ष दौलत ध्रुव ने कहा कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 16 जून से स्कूल खोलने का आदेश जारी किया गया है, जबकि जिले सहित पूरे प्रदेश में अत्यधिक गर्मी का प्रकोप जारी है। उन्होंने बताया कि अनेक स्कूलों में बिजली, पंखे और स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, जिससे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर ने कहा कि शिक्षकों की उपस्थिति स्वयं के मोबाइल से वीकेएस ऐप के माध्यम से दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। पिछले शिक्षा सत्र में भी शिक्षकों ने अपने निजी मोबाइल में ऐप डाउनलोड किया था, जिससे व्यक्तिगत जानकारी के लीक होने की आशंका बनी रही और कई लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए। प्रांतीय संगठन महामंत्री राजेंद्र वर्मा ने कहा कि शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसके लिए शासन प्रत्येक स्कूल में आवश्यक उपस्थिति डिवाइस उपलब्ध कराए, ताकि शिक्षकों को निजी संसाधनों का उपयोग न करना पड़े। फेडरेशन ने दोनों मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की अपेक्षा जताई है।

# अंतरज्यीय पर्यटकों को लुभा रहा है गंगरेल का मनमोहक नज़ारा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्रीष्मकालीन अवकाश पर अंतर्राज्यीय पर्यटकों ने गंगरेल का रुख किया है। इन दिनों बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट में महाराष्ट्र, ओडिशा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के सैलानी गंगरेल पर्यटन का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। इधर वन विभाग ने पर्यटन क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया है।

बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के जनरल मैनेजर सुमंत सिंह ने बताया कि नौतपा के बाद गंगरेल पर्यटन के लिए विभिन्न प्रदेशों से सैलानी पहुंच रहे हैं। वुडन कॉटेज और पाली टेंटहाउस की बुकिंग लगातार हो रही है। अपने परिवारों के साथ गंगरेल पहुंचे सैलानी सुबह 4 बजे से 10 बजे तथा शाम 5 बजे से देर रात तक पर्यटन का लुत्फ उठा रहे हैं। गर्मी में वाटर स्पोर्टस पर्यटकों को खूब भा रहा है। उन्होंने बताया कि वाटर स्पोर्टस के पास कांफ्रेंस हाल तथा वेडिंग हाल बनकर तैयार हो चुका है। इसके लोकार्पण करने की तैयारी चल रही है।

### वुडन कॉटेज, टेंट हाउस की लगातार हो रही बुकिंग



### परियोजना के बांधों में पानी की स्थिति

गर्मी के दिनों में महानदी परियोजना के बांधों की हालत खराब हो जाती है लेकिन इस साल अलग स्थिति है। सभी बांधों में पर्याप्त मात्रा में जलभराव है। गंगरेल बांध में 11.703 टीएमसी उपयोगी जलभराव है। यहां 43.21 प्रतिशत पानी है। गंगरेल से 900 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। माड़मसिल्ली बांध में 4.639 टीएमसी जलभराव है जो क्षमता का 81.9 फीसदी है। दुधावा बांध में 75.71 प्रतिशत पानी है। यहां 7.596 टीएमसी जलभराव है। सोंदूर बांध में 4.053 टीएमसी जलभराव है जो क्षमता का 63.90 प्रतिशत पानी है।

### वन विभाग ने दिया स्वच्छता का संदेश

भारत सरकार, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देशानुसार 1 जून से 15 जून तक गंगरेल पर्यटन क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 13 जून को मानव वन गंगरेल में साफ सफाई की गई। सुबह 6.30 बजे स्वच्छता अभियान शुरू हुआ। वनमंडलाधिकारी के मार्गदर्शन में परिक्षेत्र अधिकारी, वनमंडल धमतरी के स्टाफ एवं संयुक्त वनप्रबंधन समिति गंगरेल मरादेव के सदस्यों ने सफाई अभियान में सहभागिता देकर स्वच्छता का संदेश दिया।

### सरपंच पति के दखल के आरोपों से गरमाई सियासत

# गोबरा पंचायत में शपथ ग्रहण के दौरान हंगामा

**दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट**





हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गोबरा में नवनिर्वाचित पंच के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। पंचायत भवन में आयोजित आम बैठक में जमकर हंगामा हुआ, जिसके बाद कार्रवाई को बीच में ही स्थगित करना पड़ा। मामला अब पुलिस और जिला प्रशासन तक पहुंच चुका है। इस विवाद ने पंचायतीराज व्यवस्था में बाहरी हस्तक्षेप और जनप्रतिनिधियों के अधिकारों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सरपंच मतिबाई साहू ने आरोप लगाया है कि वार्ड क्रमांक 8 से निर्वाचित पंच महेश कुमार साहू के शपथ ग्रहण के बाद बैठक में विवाद शुरू हुआ। शिकायत के अनुसार पंच महेश कुमार साहू, हेमंत कुमार साहू और गिरीश यादव ने कथित रूप से शराब के नशे में हंगामा किया। इस दौरान महिला रोजगार सहायक नेहा ध्रुव और अन्य महिला पंचों के साथ गाली-गलौज एवं अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है। स्थिति बिगड़ने के बाद पंचायत की कार्रवाई रोकनी पड़ी। सरपंच पक्ष द्वारा कुरुद थाना पहुंचकर मामले में लिखित शिकायत दी गई है। पुलिस ने शिकायत लेकर जांच शुरू कर दी है।

### पंच ने आरोपों को बताया झूठा, उठाए नियमों पर सवाल

वहीं आरोपों के घेरे में आए पंच महेश कुमार साहू ने पूरे मामले को राजनीति से प्रेरित बताया है। उनका कहना है कि उन पर लगाए गए शराब पीने और अभद्रता के आरोप पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने दावा किया कि विवाद की असली वजह बैठक में उपसरपंच की निर्धारित कुर्सी पर सरपंच पति रामजी साहू का बैठना था। महेश के अनुसार उन्होंने पंचायत सचिव से नियमों के तहत बैठक संचालन की बात कही, जिसके बाद विवाद बढ़ गया और चुनावी रंजिश के चलते उनके खिलाफ शिकायत की गई।

### कलेक्टर से शिकायत, पंचायत संचालन में हस्तक्षेप का आरोप

मामले के बाद पंचायत के महेश समर्थित पंचों ने कलेक्टर को शिकायत सौंपकर पंचायत संचालन में बाहरी हस्तक्षेप का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा है कि सरपंच पति द्वारा पंचायत के कार्यों में दखल दिया जा रहा है। इसके अलावा शिकायतकर्ताओं ने करीब 25 डिसमिल शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप भी लगाया है। पंचों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, अतिक्रमण की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल गोबरा पंचायत का यह विवाद पुलिस और राजस्व प्रशासन के पास जांच में है। अब जांच रिपोर्ट के बाद ही तय होगा कि महिला जनप्रतिनिधियों से अभद्रता के आरोप सही हैं या फिर पंचायत में कथित बाहरी हस्तक्षेप के आरोपों में कितनी सच्चाई है।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर 67 यूनिट रक्त संग्रहित










हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा धमतरी एवं शासकीय जिला अस्पताल धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के चारों विकासखंडों के साथ-साथ बालोद, कांकेर, राजनांदगांव एवं आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में रक्तदाताओं ने भाग लिया। शिविर में लगभग 67 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू ने ब्लड सेंटर का निरीक्षण कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भी दौरा किया और मरीजों व उनके परिजनों से मुलाकात कर फलाहार वितरित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महापौर रामू रोहरा ने रक्तदाताओं के सेवा भाव की सराहना करते हुए रक्तदान को मानवता की सर्वोच्च सेवा बताया।

शिविर की विशेषता यह रही कि इसमें कई नियमित रक्तदाता शामिल हुए, जिनमें कुछ 81 बार, 59 बार, 40 बार तथा 10 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं। जैन समाज, हलबा समाज एवं सिंधी समाज के प्रतिनिधियों ने भी लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती बी. एक्का, डॉ. यू.एल. कौशिक, डॉ. आदित्य सिन्हा, बीएमओ नगरी, बीएमओ कुरूद, आकाश गिरी गोस्वामी, मनोज साहू, सत्यप्रकाश प्रधान, दुष्यंत कुमार तथा इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन शिवा प्रधान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ प्रवेश से पहले मानसून पर लगा ब्रेक

- चार से पांच दिनों में दक्षिण छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ बार्डर के पहले मानसून थम गया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून को प्रदेश में प्रवेश करने के लिए चार से पांच दिन का समय लग सकता है।

मौसम विज्ञान सूत्रों के मुताबिक प्रशांत महासागर में बने अलनीनो की वजह से बारिश में 10 प्रतिशत की कमी होने का अनुमान है। देश में कहीं भारी बाढ़ आ सकती है तो कहीं सूखा पड़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तरी छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है जबकि मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों में मेघगर्जन की गतिविधि के साथ वज्रपात, तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई है। प्रदेश में आगामी पांच दिनों तक मेघगर्जन की गतिविधि के साथ बिजली गिरने, तेज हवा तथा मध्यम वर्षा होने की संभावना है। अगले चार से पांच दिनों में दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों में मानसून आने के लिए परिस्थिति अनुकूल है।

### दो मौसमी द्रोणिका बनी

सिनोप्टिक सिस्टम में पश्चिमी राजस्थान से उत्तर पूर्व राजस्थान, उत्तर मध्यप्रदेश, दक्षिण उत्तरप्रदेश, बिहार और झारखंड होते हुए गंगटीय द्रोणिका बनी हुई है। मध्य उत्तरप्रदेश से पश्चिम मध्यप्रदेश होते हुए उत्तर महाराष्ट्र तक समुद्रतल से 5.8 किमी उपर एक द्रोणिका बनी हुई है।

# पीईटी में टीचर के बेटे ने किया कमाल

**105 रैंक के साथ जिले को किया गौरवान्वित**



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित सीजी पीईटी 2026 परीक्षा के परिणाम जारी होने के बाद धमतरी जिले के शौर्य सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 105वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। खास बात यह है कि शौर्य ने बिना किसी कोचिंग के केवल मोबाइल और यूट्यूब के माध्यम से पढ़ाई कर यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी सफलता की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है।

शहर के जोधापुर वार्ड निवासी शौर्य सिंह ने बताया कि 14 मई 2026 को आयोजित पीईटी परीक्षा का परिणाम शुक्रवार रात घोषित किया गया। इस परीक्षा में राज्यभर के 9,326 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने 105वीं रैंक प्राप्त की। शौर्य ने बताया कि वह टॉप-10 में जगह बनाने से मात्र 15 अंकों से चूक गए, लेकिन अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं।

शौर्य सिंह की माता शिक्षिका हैं, जबकि पिता अधिवक्ता हैं। परिवार में दादा-दादी भी उनके साथ रहते हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के सहयोग और निरंतर प्रोत्साहन को दिया। शौर्य ने सेंटमेरी स्कूल से पढ़ाई की है तथा कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, रिश्तेदारों और स्थानीय पार्षद सहित अनेक लोगों ने घर पहुंचकर बधाई दी। शौर्य आगे बीटेक कर इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं।

# विधायक ने निर्माणाधीन हाईटेक बस स्टैंड का किया निरीक्षण



- जनता की सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विधायक ओंकार साहू क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने अपने प्रयासों से स्वीकृत निर्माणाधीन नवीन हाईटेक बस स्टैंड का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली तथा कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

विधायक श्री साहू ने कहा कि धमतरी विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई और परिवहन सहित सभी क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। नवीन हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण भी इसी कड़ी का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे धमतरी और आसपास के क्षेत्रों के हजारों यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

उन्होंने बस स्टैंड परिसर में निर्मित की जा रही यात्री प्रतीक्षालय, शौचालय, पेयजल, पार्किंग, काम्प्लेक्स एवं प्रकाश व्यवस्था जैसी सुविधाओं के लिए प्रस्तावित जगह जायजा लिया और अधिकारियों को निर्माण गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने आयोजित किया मीडिया संवाद

# देश में सुशासन, विकास और जनकल्याण को मिली नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय गोविंद सारंग भवन धमतरी में मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। इस दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और विकसित भारत के संकल्प पर चर्चा की गई।

मीडिया से बातचीत करते हुए अखिलेश सोनी ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में सुशासन, विकास और जनकल्याण को नई दिशा मिली है। उन्होंने कहा कि जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियान से करोड़ों लोगों को लाभ पहुंचा है। उनके अनुसार केंद्र सरकार ने योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, तीन तलाक समाप्त करने तथा राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने जैसे फैसलों ने देश को नई पहचान दी है। साथ ही भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा भी बढ़ी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है। भाजपा कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। देश का किसान, युवा, महिला और गरीब वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, पूर्व महापौर अर्चना चौबे, जिला महामंत्री महेंद्र पंडित, पं. राजेश शर्मा, शुभम जायसवाल, राजीव सिन्हा, मोहन पुजारी, रोहिताश मिश्रा, पवन गजपाल, गौरव मगर, अविनाश दुबे, हेमंत चंद्राकर, देवेश सिन्हा, कोमल देवांगन, अनिल तिवारी, ओमेश यादव, उमेश साहू मीडिया प्रभारी सहित भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मीडिया संवाद कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका वितरित की गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020